आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 13.01.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद में युवाओं को प्रेरित करने वाली कई गतिविधियों में भाग लिया।
- राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कल विवेकानन्द केन्द्र विद्यालय की ओर से वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया।
- आपदा प्रबंधन भवन में 'नर्सों के लिए आपदा प्रबंधन में तैयारी और प्रतिक्रिया' पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत लिटिल अंडमान में 'सामुदायिक विकास के लिए ब्लॉक–स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर मायाबंदर में एस पी–कप विंड बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट कल से शुरू हो गया है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की युवा शक्ति जल्द ही देश को विकसित राष्ट्र बनाएगी। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कल नई दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद के अवसर पर उन्होंने यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की युवा शक्ति उल्लेखनीय परिवर्तन ला रही है। श्री मोदी ने कहा कि उन्हें नई पीढ़ी पर विश्वास है और वह सभी समस्याओं का समाधान खोज लेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत वह होगा जो आर्थिक, रणनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त होगा। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि पिछले एक दशक में पच्चीस करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। श्री मोदी ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था भी तेजी से बढ़ रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पूरा देश स्वामी विवेकानंद को याद कर रहा है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद को देश के युवाओं पर बहुत भरोसा था, देश को दो हजार पैंतीस  तक अंतरिक्ष में अपना स्टेशन स्थापित करना है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि इस दशक के अंत तक भारत ने पांच सौ गीगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा है।

शुक्रवार को शुरू हुए तीन दिन के विकसित भारत युवा नेता संवाद ने युवाओं को विकसित भारत के लिए समाधान प्रस्तुत करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान किया है। इस कार्यक्रम के दौरान श्री मोदी ने देश भर के तीन हजार युवा नेताओं से बातचीत की।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 में हिस्सा लिया। श्री मोदी ने एक प्रदर्शनी का दौरा किया और कुछ युवाओं से बातचीत की, जिन्होंने प्रधानमंत्री के समक्ष विकसित भारत के बारे में अपने–अपने लक्ष्य प्रस्तुत किये। इन प्रस्तुतियों में भारत की सर्वाधिक ज्वलंत चुनौतियों के बारे में नए विचार और समाधान दर्शाए गए थे। श्री मोदी राष्ट्र के भावी नेताओं को प्रेरित और प्रोत्साहित करने तथा उनके सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर से आए तीन हजार गतिशील युवा नेताओं से मिले। उन्होंने इस अवसर पर प्रतिभागियों द्वारा दस विषयों पर लिखे गए उत्कृष्ट निबंधों के एक संकलन का विमोचन भी किया।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, आपदा प्रबंधन निदेशालय और ट्रेन्ड नर्सेस एसोसिएशन ऑफ इंडिया मुख्यालय के सहयोग से हाल ही में आपदा प्रबंधन भवन में 'नर्सों की आपदा प्रबंधन में तैयारी और प्रतिक्रिया' पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित की गई। उद्घाटन समारोह में आपदा प्रबंधन निदेशक प्रियंका कुमारी और स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. सुजा एंटनी उपस्थित थे। इस दो दिवसीय कार्यशाला में नर्सिंग अधिकारियों, सी एच ओ, पी एच एन और ए एन एम सहित तीस नर्सों ने भाग लिया और इसका उद्देश्य नर्सों को आवश्यक ज्ञान और व्यावहारिक कौशल से लैस करना था, ताकि वे आपदाओं और आपात स्थितियों का प्रभावी ढंग से जवाब दे सकें और मरीजों और समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें। कार्यक्रम की शुरुआत में नर्सेस और आपदा प्रबंधन विभाग के वक्ताओं द्वारा दिए गए व्यावहारिक व्याख्यानों से हुई। इस कार्यशाला का मुख्य आकर्षण अग्नि सुरक्षा, खोज और बचाव पर व्यावहारिक प्रशिक्षण सत्र था। अग्नि सुरक्षा विभाग, एन डी आर एफ टीम और स्वास्थ्य सेवा निदेशालय द्वारा एक मॉक ड्रिल का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर ट्रेन्ड नर्सेस एसोसिएशन ऑफ इंडिया शाखा की अध्यक्षा एनी अशोक द्वारा उपस्थित लोगों को प्रमाण पत्र वितरित करने के साथ हुआ।

इस शाखा की एक उल्लेखनीय उपलब्धि क्रेडिट ऑवर्स के साथ प्रमाणित सी एन ई प्रदाता होने का पदनाम था, जिसे तमिलनाडु नर्सिंग एंड मिडवाइफरी काउंसिल द्वारा प्रदान किया गया था। इस दो दिवसीय सी एन ई कार्यशाला में उपस्थित लोगों को इसके लिए बारह क्रेडिट घंटे प्रदान किए गए।

<><><><><><><>

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन—इसरो ने डॉकिंग से पहले स्पैडेक्स कार्यक्रम के तहत अपने दो उपग्रहों को स्थिर करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। इसरो ने चेसर और टारगेट उपग्रहों को सुरक्षित दूरी पर ले जाने से पहले उन्हें तीन मीटर की दूरी पर लाने में सफलता प्राप्त की।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत हाल ही में लिटिल अंडमान के पंचायत समिति हॉल में 'सामुदायिक विकास के लिए एस.एच.जी. और पी आर आई के बीच तालमेल बनाने' के लिए एक ब्लॉक—स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ई.डब्ल्यू.आर, एस.एच.जी. और सी.आर.पी. सहित स्थानीय अधिकारियों को शामिल किया गया। प्रशिक्षण का उद्घाटन लिटिल अंडमान के खण्ड विकास अधिकारी बेल्थेजर ने किया। ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक एस. परमेश्वरी, ने एस.एच.जी और पी.आर.आई की बुनियादी बातों पर प्रकाश डाला। क्लस्टर समन्वयक कृष्ण कांता गोल्धार, ने एस एच जी और पी आर आई की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों पर एक संक्षिप्त विवरण दिया। राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, मोहम्मद आरिफ ने सतत विकास के लिए संसाधनों और विशेषज्ञता का लाभ उठाने, स्वयं सहायता समूहों और पी आर आई के लिए सामान्य लक्ष्यों और उद्देश्यों की पहचान करने, एन आर एल एम प्लेटफार्मों और स्वयं सहायता समूहों और पी आर आई के बीच तालमेल और सहयोग के क्षेत्रों की पहचान करने के लिए सत्र का आयोजन किया।

<><><><><><><>

पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर मध्योत्तर अण्डमान पुलिस की ओर से सोलह जनवरी को मायाबंदर में एसपी—कप विंड बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट कल से शुरू हो गया, जो सोलह जनवरी तक चलेगा। इस टूर्नामेंट के दौरान खेल में कौशल का शानदार प्रदर्शन देखने को मिलेगा। पूरे क्षेत्र से कुल सोलह टीम भाग ले रही है, जो मैदान पर अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगी। कार्यक्रम में मध्योत्तर अंडमान ज़िला पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगाथन उपस्थित थीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह प्रयास खेलों को बढ़ावा देने और सौहार्दपूर्ण पुलिस—पब्लिक संबंधों के लिए एक शानदार मंच है।

इस टूर्नामेंट ने न केवल समुदाय, बल्कि युवाओं के साथ भी एक मजबूत बंधन बनाने में हमारी मदद की है, इसने युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक शानदार अवसर भी प्रदान किया है।

<><><><><><><>

डॉ. बी. आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में शैक्षाणिक सत्र दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए अतिथि प्रवक्ता के लिए आवेदन मांगे गए है। योग्यता, साक्षात्कार के लिए कार्यक्रम और डेमों विषयों के विवरण की जानकारी संस्थान की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार संस्थान के अकादमिक सेल से सभी कार्य दिवसों पर सुबह नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>